संख्याः–3760 / III(2)/08–57(प्रा0आ0)/08

प्रेषक,

महिमा,
अनु सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा मे,

मुख्य अभियन्ता स्तर–1,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग–2 देहरादून, दिनांक 10 दिसम्बर, 2008

विषयः– वित्तीय वर्ष 2008–09 में जनपद नैनीताल के हल्द्वानी शहर में कॉलटैक्स से दमुवांढुगा पंचक्की नहर किमी0 2.90 तथा देवलचौड़ मार्ग–दमुवांढुगा पंचक्की से आई0आई0टी0 क्रासिंग तक किमी0 4.20 की नहर को कवर कर पुनर्निर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय तथा व्यय की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष (बजट अनुभाग) सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक–2328/मुअवि/बजट/बी–1 योजना दिनांक 03–06–2008 द्वारा उपलब्ध कराये गये उपरोक्त कार्य का आगणन लागत रुपये 2888.56 लाख पर टी.ए.सी. वित्त द्वारा परीक्षणोपरान्त औचित्यपूर्ण पायी गयी रूपये 2631.50 लाख (रूपये छब्बीस करोड़ इकतीस लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्य प्रारम्भ करने हेतु रू0 2.00 लाख (रू0 दो लाख मात्र) की धनराशि की वर्तमान वित्तीय वर्ष 2008–09 में व्यय करने की भी श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

2. योजना में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, दूर संचार विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम के कार्य सम्मिलित होने के कारण इन विभागों में समन्वय तथा योजना का क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी नैनीताल की अध्यक्षता में इन विभागों के अधिकारियों की समिति गठित कर ली जाय।

3. आगणन में सम्मिलित विभिन्न विभागों के कार्य उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणानुसार संबंधित विभाग द्वारा ही सम्पादित किये जायेंगे।

4. योजना का निर्माण निर्धारित समय एवं लागत में पूर्ण कर लिया जाय तथा यह ध्यान रखा जाय कि किसी प्रकार से Time Over Run न हो।

5. आगणन मे उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शिडयूल आफ रेट में स्वीकृत नही है, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वन भूमि एवं निजी भूमि आदि की कार्यवाही की जाय, तथा भूमि का भुगतान नियमानुसार प्रथम वरीयता के आधार पर किया जाय एवं भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर कब्जा प्राप्त करने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।

6. कार्य कराने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त करनी होगी, बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाय।

7. कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

8. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वन विभाग की स्वीकृति जिन कार्यों में आवश्यक हो, प्राप्त करके ही धनराशि का आहरण किया जायेगा।

9. एकमुश्त प्राविधान को कार्य करने से पूर्व विस्तृत आगणन गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

10. कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते हुए एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों के अनुरूप ही कार्यों को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

11. कार्य कराने से पूर्व स्थल का भली भॉति निरीक्षण उच्चाधिकारियों एवं भू–गर्भवेत्ता के साथ अवश्य करा लें। निरीक्षण के पश्चात स्थल आवश्यकतानुसार निर्देशों तथा निरीक्षण टिप्पणी के अनुरूप कार्य किया जाय।

12. आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है व्यय उसी मद में किया जाय,एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

13. निर्माण सामग्री को प्रयोग में लाने से पूर्व किसी प्रयोगशाला से टैस्टिंग करा ली जाय, तथा उपयुक्त पायी जाने वाली सामग्री को प्रयोग मे लाया जाय।

14. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सभी योजनाओं हेतु भूमि का अर्जन कर के कब्जा लेने के बाद ही धनराशि का आहरण किया जायेगा और यदि कब्जा प्राप्त नही होता है तो उस योजना हेतु धनराशि का आहरण नही किया जायेगा।

15. यदि उक्त कार्यो में से किसी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के बजट से अथवा अन्य विभागीय बजट से कोई धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है तो उस योजना हेतु इस शासनादेश द्वारा स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण न करके धनराशि शासन को सर्मपित कर दी जायेगी।

16. व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अर्न्तगत शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो उनमें व्यय करने से पूर्व प्रत्येक कार्य के आगणनों/पुनरीक्षित आगणनों पर प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन के साथ–साथ विस्तृत आगणनों पर सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली जाय। स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिनांक 31.03.2009 तक उपयोग सुनिश्चित कर लिया जाय। कार्य कराते समय उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 नियमों का भी अनुपालन किया जाय। यदि टेण्डर करने में कार्य प्रशासकीय स्वीकृति की लागत से कम लागत पर पूर्ण होता है तो ऐसे समस्त बचतों को प्रचलित वित्तीय नियमों का अनुपालन कर राजकीय कोष मे जमा कर दिया जायेगा।

17. आगामी किस्त तब ही अवमुक्त की जायेगी जब स्वीकृत की जा रही धनराशि का पूर्ण उपयोग कर कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिया जाय। उक्त धनराशि के पूर्ण उपयोग के उपरान्त ही आगामी किस्त अवमुक्त की जायेगी ।

18. कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता हेतु संबंधित अधिशासी अभियन्ता पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

19. यदि उक्त कार्य के विपरीत पूर्व में किन्ही अन्य बचत से धनराशि स्वीकृत हुई है तो उसका विवरण शासन को देकर अवशेष धनराशि का ही कोषागार से आहरण किया जायेगा।

20. इस संबंध मे होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2008–09 के आय व्ययक मे लोक निर्माण विभाग के अनुदान संख्या–22 लेखाशीर्षक–5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय–04 जिला तथा अन्य सडके–आयोजनागत–800–अन्य व्यय –03 राज्य सेक्टर–02 नया निर्माण कार्य–24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

21. यह आदेश वित्त अनुभाग–2 के अशासकीय संख्या–937/XXVII(2)/2008, दिनांक 08 दिसम्बर, 2008 में प्राप्त उनकी सहगति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
/
(महिमा)
अनु सचिव

संख्याः–3760 (1)/III(2)/08–57(प्रा.आ.)/08, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार (लेखा प्रथम), ओबराय मोटर्स बिल्डिंग, माजरा देहरादून।
2. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. आयुक्त कुमांऊ मण्डल नैनीताल।
4. अपर सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5. जिलाधिकारी नैनीताल को प्रश्नगत योजना से संबंधित समस्त विभागों में समन्वय तथा योजना के कियान्वयन हेतु शासनादेश के शर्त बिन्दु–2 के अनुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. कोषाधिकारी नैनीताल।
7. मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष (बजट अनुभाग) सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।
8. मुख्य अभियन्ता, कुमांऊ क्षेत्र, लो0नि0वि0, अल्मोडा ।
9. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
10. अधीक्षण अभियन्ता, चतुर्थ वृत्त लो0नि0वि0 हल्द्वानी को इस आशय से प्रेषित कि वे योजना से संबंधित आगणन शासन से प्राप्त कर तत्काल अग्रेत्तर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
11. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी।
12. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून।
13. वित्त अनुभाग–2/वित्त नियोजन प्रकोष्ठ उत्तराखण्ड शासन।
14. लोक निर्माण अनुभाग–1/3 उत्तराखण्ड शासन/गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(महिमा)
अनु सचिव